# **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**

## **जून 2020 माह का सारांश**

**जून माह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम नीचे दिए गए हैं:**

1. **गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) के साथ संरेखण में कौशलीकरण पहलें:** समूचे देश में कोविड-19 की स्थिति के कारण उत्पन्न हुई गंभीर समस्याओं को देखते हुए बहुत से प्रवासी अपने गृह राज्यों को वापस चले गए, परिणामस्वरूप गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) के अंतर्गत पहचाने गए 116 जिलों में इन प्रवासियों के कौशलीकरण की रूप रेखा तैयार की गई। हालांकि, यह जीकेआरए का हिस्सा नहीं है, फिर भी एमएसडीई ने इन वापस लौटने वाले प्रवासियों को जॉब रोलों में प्रशिक्षित करने का कार्य शुरू किया है, जहां स्थानीय स्तर पर रोजगार अथवा स्व-रोजगार प्राप्त करने की संभावना अधिक है। इस प्रशिक्षण का वित्तपोषण उन सभी स्वीकृत अल्पावधि पाठ्यक्रमों को रद्द करके किया गया है, जिनका प्रशिक्षण अभी तक शुरू नहीं हुआ था। इस रूप रेखा के एक भाग के रूप में, एमएसडीई पहचाने गए जिलों में 3 लाख लाभार्थियों हेतु पीएमकेवीवाई के अंतर्गत अल्पावधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) का कार्यान्वयन करता रहेगा।

   इस कार्यक्रम के अंतर्गत, एमएसडीई ने 16 तथा 17 जून, 2020 को 6 राज्यों के 116 जिलों के राज्य प्रधान सचिवों तथा जिलाधीशों/प्रशासन के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की। जिलाधीशों के प्रथम कदम के रूप में कौशल मैंपिंग तथा जॉब रोलों की पहचान करना है, जिन्हें जिलों में उठाए जाने की आवश्यकता है।

2. **पीएमकेवीवाई 2016-20 के अंतर्गत कोविड 19 लॉकडाउन के पश्चात प्रशिक्षण पुन: आरंभ करने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी):** एमएसडीई ने प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीपी) और प्रशिक्षण पुन: शुरू करने के लिए ऐसी गतिविधियों से लॉकडाउन हटाए जाने पर उम्मीदवारों द्वारा अपनाई जाने वाली विधियों और प्रक्रियाओं के बारे में कार्यान्वयन एजेंसियों को एसओपी जारी किए।
3. **आईटीआई/एनएसटीआई में कोविड 19 लॉकडाउन के पश्चात प्रशिक्षण पुन: आरंभ करने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी):** पीएमकेवीवाई के अंतर्गत आईटीआई तथा प्रशिक्षण केंद्र, जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण बंद किए गए हैं, आरंभ करने हेतु एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) प्रारूप तैयार किया। अकादमिक सत्र 2019-20 पुन: शुरू करने, पूरा करने

तथा अकादमिक सत्र 2020-21 आरंभ करने के लिए एक कैलेंडर भी तैयार किया गया है। इसे इन संस्थानों में प्रशिक्षण आरंभ करने के लिए अनुमति हेतु गृह मंत्रालय को भेजा गया है।

4. **शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम के विस्तार हेतु दिशा-निर्देश:** शिक्षुता अधिनियम, 1961 के अंतर्गत शिक्षुता प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिष्ठानों को सुविधा प्रदान करने के लिए, कोविड-19 लॉकडाउन के कारण बाधित प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम के विस्तार हेतु 08 जून को दिशा-निर्देश जारी किए गए।
5. **अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करना:** भारत तथा आस्ट्रेलिया के माननीय प्रधान मंत्रियों के बीच वर्चुअल द्विपक्षीय सम्मेलन के भाग के रूप में, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण विशेषकर नीति निर्माण, कार्यक्रम सुपुर्दगी तथा सूचना विनिमय से संबंधित समन्वय हेतु दो देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया था।
6. **प्रशिक्षण भागीदारों के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श:** माननीय मंत्री ने 16 जून को चुने गए प्रशिक्षण भागीदारों के साथ क्षेत्र में उनके द्वारा सामना की जा रही समस्याओं तथा भावी कार्य संबंधी उनके विचारों को जानने के लिए वेबीनार आयोजित किया।
7. **माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री द्वारा समीक्षा:** माननीय मंत्री जी ने एसएमआईएस पोर्टल के शुभारंभ, विश्व कौशल दिवस की तैयारी, कौशल विकास संबंधी जीओएम रिपोर्ट, कोविड तैयारी, एनएसडीसी की समीक्षा और 116 जिलों में प्रवासियों के प्रशिक्षण संबंधी समीक्षा की।
8. **एनसीवीईटी का गठन:** एसीसी अनुमोदन के आधार पर, एनसीवीईटी के दो कार्यकारी सदस्यों और तीन गैर-कार्यकारी सदस्यों के लिए नियुक्तियां (अतिरिक्त प्रभार क्षमता में) की गईं, जिससे वे निर्णय लेने में सक्षम हों।
9. **अवार्डिंग निकाय दिशा-निर्देशों से संबंधित परामर्श:** एनसीवीईटी ने अवार्डिंग निकाय दिशा-निर्देशों के प्रारूप को अंतिम रूप दिया तथा 26/06/2020 को अन्य मंत्रालयों तथा राज्यों के साथ वीसी पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।
10. **आईबीएम के साथ भागीदारी:** कौशल रिग्नाइट तथा कौशल निर्माण नवोन्मेष कैंप से संबंधित आईबीएम डीजीटी भागीदारी का सचिव द्वारा 24 जून को उद्घाटन किया गया।
11. **माइक्रोसॉफ्ट के साथ भागीदारी:** एनएसडीसी ने कौशल विकास में विभिन्न विकास के अवसरों के साथ संयुक्त रूप से और 1 लाख युवाओं को डिजिटल रूप से कौशल प्रदान करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत, माइक्रोसॉफ्ट एनएसडीसी ई-लर्निंग प्लेटफार्म ई-स्किलइंडिया के साथ अपना माइक्रोसॉफ्ट लर्न प्लेटफार्म भी एकीकृत करेगा।

12. **<u>सिम्पली लर्न के साथ भागीदारी:</u>** इस प्रकार के एमओयू को सिम्पली लर्न के साथ हस्ताक्षरित किया गया था, ताकि यह ई-स्किलइंडिया प्लेटफॉर्म का एक हिस्सा बन सके और 100 घंटे की नि:शुल्क सामग्री प्रदान कर सके।
13. **<u>एनएसक्यूसी बैठक:</u>** राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति की 25वीं बैठक 25 जून को आयोजित की गई थी, जिसमें 92 अर्हताओं पर विचार किया गया तथा उन्हें अनुमोदित किया गया और 1709 अर्हताओं पर विस्तार हेतु विचार किया गया था।
14. **<u>निस्बड की ईसी बैठक:</u>** निस्बड की कार्यकारी समिति की बैठक 30/6/20 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर आयोजित की गई थी और निस्बड के पुनर्गठन और सुव्यवस्थित करने के संबंध में प्रमुख निर्णय लिए गए थे, जिसमें संगठनात्मक संरचना का संशोधन, वार्षिक कार्य योजना तैयार करना, भर्ती नियमों को अंतिम रूप देना और प्रशासन तथा वित्त मैनुअल को अंतिम रूप देना शामिल था।
15. **<u>जून 2020 में व्यय:</u>** मंत्रालय ने जुलाई के महीने में 149.78 करोड़ रुपये खर्च किए, जून के महीने में 5% खर्च और पहली तिमाही में 15% खर्च बनाए रखा, जैसा कि व्यय विभाग द्वारा अनिवार्य किया गया था।
16. **<u>अन्य मंत्रालयों के साथ बैठक:</u>** स्वधार गृह और उज्जवला योजनाओं के पुनर्गठन संबंधी माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री की बैठक में भाग लिया।
17. **<u>स्कीमों का मूल्यांकन:</u>** सात केंद्रीय क्षेत्र स्कीमों के मूल्यांकन के आरंभ की रिपोर्टें प्राप्त हुईं, जिनकी समीक्षा मूल्यांकन एजेंसियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई।
18. **<u>उद्योग वेबीनारों में भागीदारी:</u>** सचिव, एमएसडीई ने हितधारकों के साथ अवधि में कई वेबिनार में भाग लिया। इनमें कुछ महत्वपूर्ण थे:

    ''उद्योग की नवीनीकृत भूमिका और कुशल जनशक्ति हेतु सरकार संबंधी 05 जून को पीएचडीसीसीआई पर वेबीनार (वीसी)''।

*****